पत्रांक : केन्द्रीय (मा०)–753/24–1795

# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति

प्रेषक,

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

सेवा में,

**सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी,**
बिहार।

पटना, दिनांक : 13/06/2026

**विषयः कक्षा 09वीं एवं 10वीं में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए प्रथम त्रैमासिक परीक्षा, 2026 के आयोजन के संबंध में।**

**प्रसंगः निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, शिक्षा विभाग के पत्रांक–09/विविध–34/2023–670, दिनांक 08.05.2026**

**महाशय,**

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक विभागीय पत्र के आलोक में राज्य के माध्यमिक विद्यालयों के **कक्षा 09वीं एवं 10वीं में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए प्रथम त्रैमासिक परीक्षा, 2026** दिनांक 01.07.2026 से दिनांक 03.07.2026 तक की अवधि में संबंधित विद्यालयों में आयोजित होगी, जिसका परीक्षा कार्यक्रम निम्नवत् है:–

**कक्षा–9वीं एवं 10वीं की प्रथम त्रैमासिक परीक्षा, 2026 का कार्यक्रम**

| परीक्षा की तिथि/दिन | प्रथम पाली (First Shift) | द्वितीय पाली (Second Shift) |
|---|---|---|
| 01.07.2026 (बुधवार) | मातृभाषा (101-हिन्दी, 102-बंगला, 103-उर्दू एवं 104-मैथिली) (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक) | द्वितीय भारतीय भाषा (105-संस्कृत, 106-हिन्दी 107-अरबी, 108-फारसी, एवं 109-भोजपुरी) (अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:15 बजे तक) |
| 02.07.2026 (गुरूवार) | 112–विज्ञान (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:15 बजे तक) | 111–सामाजिक विज्ञान (अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 04:45 बजे तक) |
| | 125–संगीत (केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए) (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:15 बजे तक) | |
| 03.07.2026 (शुक्रवार ) | 110-गणित (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक) | 113-अंग्रेजी (सामान्य) (अपराह्न 02:00 बजे से अपराह्न 05:15 बजे तक) |
| | 126–गृह विज्ञान (केवल दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए) (पूर्वाह्न 09:30 बजे से अपराह्न 12:45 बजे तक) | |

- सभी पालियों में 15 मिनट का आरम्भिक समय परीक्षार्थी को प्रश्नों को पढ़ने व समझने के लिए दिया गया है। दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों गणित के स्थान पर गृह विज्ञान एवं विज्ञान के स्थान पर संगीत विषय की परीक्षा में सम्मिलित होंगे।



Scanned with OKEN Scanner

2. विद्यालय के प्रधान का यह दायित्व होगा कि कक्षा 09वीं की त्रैमासिक परीक्षा, दिसम्बर, 2025 से संबंधित सूचना विद्यालय के सूचनापट्ट पर एवं वर्ग शिक्षक के माध्यम से भी छात्र/छात्राओं को देना सुनिश्चित करेंगे।

3. उक्त परीक्षा के आयोजन हेतु गोपनीय एजेंसी द्वारा **दिनांक 22.06.2026 से 27.06.2026** तक की अवधि में गोपनीय सामग्री आपके जिला में प्राप्त कराया जाना संभावित है। इसलिए यह आवश्यक है कि गोपनीय मुद्रक के प्रतिनिधि द्वारा आपूरित गोपनीय सामग्रियों को निर्धारित व्यवस्था के अनुसार प्राप्त कराकर एजेंसी प्रतिनिधि को प्राप्ति रसीद दे दिया जाए तथा गोपनीय सामग्रियों को निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार अपनी अभिरक्षा में सुरक्षित रखने की व्यवस्था की जाए।

4. उक्त परीक्षा के लिए आपके स्तर से कक्षावार विद्यालयों की संख्या के आधार पर समिति द्वारा किये गये अनुरोध के आलोक में आपके द्वारा इन परीक्षाओं के लिए गोपनीय सामग्रियों के संधारण एवं वितरण हेतु कक्षावार विद्यालयों की संख्या के आधार पर निर्धारित संख्या में वितरण केन्द्र का चयन किया गया है। तदनुसार गोपनीय सामग्रियों के पैकेट जिला मुख्यालय में चिन्हित उपयुक्त वितरण केन्द्र वाले बड़े भवनों (विद्यालय परिसर में अवस्थित) में संबद्ध विद्यालयों के प्रधान/प्राधिकृत शिक्षक को परीक्षा प्रारंभ की तिथि के पूर्व हस्तगत कराया जायेगा ताकि कक्षा 09वीं एवं 10वीं में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए प्रथम त्रैमासिक परीक्षा, 2026 ससमय प्रारंभ करने में कोई बाधा उत्पन्न न हों।

5. सभी मान्यता प्राप्त विद्यालय के प्रधान उपर्युक्त कार्यक्रम के अनुसार अपने विद्यालय से कक्षा 09वीं एवं 10वीं में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए प्रथम त्रैमासिक परीक्षा, 2026 में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों की परीक्षा आयोजित कर परीक्षा परिणाम निम्नांकित प्रारूप में परीक्षा समाप्ति के 07 दिनों के अंदर अनिवार्य रूप से तैयार करना/कराना सुनिश्चित करेंगे।

**कक्षा 09वीं एवं 10वीं की प्रथम त्रैमासिक परीक्षा, 2026 के प्राप्तांक प्रविष्टि हेतु प्रारूप–**

**School Code:-**

**School Name:-**

सामान्य (General) छात्र/छात्राओं के लिए विहित प्रपत्र :

| SL. NO. | ROLL NO. | CLASS | STUDENT NAME | MOTHER'S NAME | FATHER'S NAME | GENDER |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |

| MARKS OBTAINED (THEORY) | | | | | | AGGREGATE | RESULT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MIL | SIL | MAT | SCI | SSC | ENG | | |
| 08 | 09 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |

दृष्टिबाधित (Visually Impaired/Blind) छात्र/छात्राओं के लिए विहित प्रपत्र :

| SL. NO. | ROLL NO. | CLASS | STUDENT NAME | MOTHER'S NAME | FATHER'S NAME | GENDER |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |

| MARKS OBTAINED (THEORY) | | | | | | AGGREGATE | RESULT |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| MIL | SIL | H.SCI | MUS | SSC | ENG | | |
| 08 | 09 | 10 | 11 | 12 | 13 | 14 | 15 |

विद्यालय प्रधान का हस्ताक्षर एवं मुहर

Letter_A_25_502

Scanned with OKEN Scanner

6. वर्णित परिदृश्य में अनुरोध है अपने जिला अवस्थित विद्यालय के प्रधान की बैठक (अथवा वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से) आहूत कर उन्हें कक्षा 09वीं एवं 10वीं में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए प्रथम त्रैमासिक परीक्षा, 2026 आयोजित करने तथा परीक्षा परिणाम परीक्षा समाप्ति के 07 दिनों के अंदर तैयार करने के संबंध में निदेशित करेंगे।

7. उक्त परीक्षा के आयोजन के समय किसी विद्यालय की मान्यता निलंबित/रद्द की गई हो तथा परीक्षा के परिप्रेक्ष्य में कोई मामला सामने आता हो, तो जिला शिक्षा पदाधिकारी किसी निकट के मान्यता प्राप्त विद्यालय से निलम्बित/रद्द वाले विद्यालय के विद्यार्थियों को सम्बद्ध उक्त परीक्षा में सम्मिलित कराने की दिशा में आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए समिति को भी प्रतिवेदित करेंगे।

8. उपरोक्त के संदर्भ में यह भी अनुरोध है कि वर्णित व्यवस्था के साथ–साथ कंडिका–3 एवं 4 के आलोक में अपने स्तर से शुचितापूर्ण परीक्षा आयोजन का निरंतर अनुश्रवण करने की कृपा करेंगे।

विश्वासभाजन

13.06.26

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

ज्ञापांक : केन्द्रीय (मा०)–753/24–1795/पटना, दिनांक : 13/06/2026

**प्रतिलिपिः** 1. उप निदेशक, आई0टी0 (मा०) को सूचनार्थ भेजते हुए अनुरोध है कि अपने निगरानी एवं पर्यवेक्षण में उक्त के आलोक में आवश्यक व्यवस्था कराना सुनिश्चित की जाए। यह भी अनुरोध है कि विद्यार्थियों, मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रधान, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (मा0शि0), जिला शिक्षा पदाधिकारी की जानकारी हेतु इस पत्र की प्रति समिति के वेबसाइट एवं BSEB Mobile App पर अपलोड कर दिया जाए ताकि सभी संबंधितों द्वारा अपने स्तर पर इस निमित्त आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

उनसे यह भी अनुरोध है कि निदेशानुसार इसकी सूचना राज्य के सभी विद्यालयों को ई–मेल/WhatsApp के द्वारा प्रेषित किया जाए। इसकी सूचना विद्यालयों के प्रधान एवं संबधित विद्यार्थियों को SMS के द्वारा भी उपलब्ध करायी जाएगी। यह सूचना सोशल मीडिया के माध्यम से भी प्रसारित किया जाए।

2. वरीय प्रभारी पदाधिकारी, भंडार (मा०) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

3. अध्यक्ष एवं सचिव के आप्त सचिव, निदेशक, आई0टी0 तथा परीक्षा नियंत्रक (उ०मा०) को सूचनार्थ प्रेषित।

13.06.26

**परीक्षा नियंत्रक (माध्यमिक)**
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति।

13/6/26 13/6/26



Scanned with OKEN Scanner